राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015

(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141– 2742309, ई–मेल jdp-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः एफ–3(ख) / नोटिस / 2017–18 / अलेसे–II / 288 दिनांक– 16.05.2018

## कार्यमुक्ति आदेश

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश दिनांक 01.11.2017 द्वारा श्री महेन्द्र सिंह मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–द्वितीय का स्थानान्तरण मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् पंचायत प्रकोष्ठ, पंचायत राज विभाग, झालावाड़ से ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, (प्रारम्भिक) बामनवास जिला सवाईमाधोपुर– 1636 में किया गया था किन्तु निदेशालय को प्राप्त सूचना के अनुसार श्री मीणा द्वारा आदिनांक तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

श्री महेन्द्र सिंह मीणा को तत्काल उनके वर्तमान कार्यालय से **दिनांक** 16.05.2018 **मध्यान्ह पश्चात् एतद् द्वारा कार्यमुक्त किया जाता है** तथा निर्देश दिये जाते है कि श्री मीणा नवीन पदस्थापन स्थान पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल–jdp-ta-rj@nic.in / दूरभाष संख्या 0141–2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें।

इसके अतिरिक्त श्री महेन्द्र सिंह मीणा को निर्देश दिये जाते हैं कि निदेशालय के स्थानान्तरण आदेशों एवं तत्पश्चात जारी तत्काल कार्यमुक्त होने सम्बन्धी आदेशों की पालना आदिनांक न किये जाने के सम्बन्ध में कारणों सहित अपना स्पष्टीकरण 3 कार्यदिवसों के अन्दर निदेशालय को पत्र / ईमेल के माध्यम से प्रेषित करावें अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी, सूचित रहे।

(मंजुला वर्मा)
निदेशक

क्रमांकः एफ–3(ख) / नोटिस / 2017–18 / अलेसे–II / 288 दिनांक– 16.05.2018

प्रतिलिपिः–

1. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् पंचायत प्रकोष्ठ, पंचायत राज विभाग, झालावाड़।
2. ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, (प्रारम्भिक) बामनवास जिला सवाईमाधोपुर– 1636
3. श्री महेन्द्र सिंह मीणा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद् पंचायत प्रकोष्ठ, पंचायत राज विभाग, झालावाड़।
4. उपनिदेशक, कम्प्यूटर शाखा अपलोड करने हेतु

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)

70

D:/sas-ii/vermaji/order.docx